b>

Title: Need to introduce a local passenger train from Ahmedabad to Abu Road and extend the route of Aravali Express upto Mumbai Central. − Laid.

श्री हरिभाई चौधरी (बनासकांठा): अध्यक्ष महोदय, मैं सदन का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र में रेल सेवा की आवश्यकता के बारे में दिलाना चाहता हूं। अहमदाबाद से आबू रोड के बीच कई एक्सप्रेस रेल सेवा चल रही है, परन्तु एक भी लोकल रेल सेवा नहीं है, जिसके कारण लोगों को एक ओर ज्यादा किराया देना पड़ता है और दूसरी ओर यात्रा में कई व्यवधान होते हैं क्योंकि टिकट रिजर्वेशन इत्यादि की दिक्कत होती है।

मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि अहमदाबाद से आबू रोड के लिए एक लोकल रेल सेवा शुरू किया जाये और अरावली रेल सेवा जो जयपुर से बांद्रा के बीच में चल रही है उसे मुम्बई सेन्ट्रल तक बढ़ाया जाए, जिससे यात्रियों को सुविधा हो सके।